जल व संपत्ति कर बढ़ाने की निंदा, आंदोलन का ऐलान

कांग्रेस ने महापौर व भाजपा पार्षदों को घेरा, उठाए सवाल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। नगर पालिक निगम परिषद की बैठक 28 मार्च को संपन्न हुई जहां संविधान और लोकतंत्र की निगम अधिकारियों और सत्ताधारी पार्षदों ने हत्या कर दी। मैं इसकी कड़ी निंदा करते हुए विरोध करता हूं और जनहित में मैं सड़क पर उतरकर लगाएं गए जलकर, संपत्तिकर एवं अन्य करों का विरोध करूंगा। उक्त बातें आयोजित पत्रकारवार्ता में निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मांगो ने कही। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे और पूर्व अध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी ने भी घटना की निंदा करते हुए जन आंदोलन करने का ऐलान किया है।

स्थानीय राजीव भवन के कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में महापौर और भाजपा पार्षदों को घेरा, छिंदवाड़ा। बजट पास होने के दूसरे दिन कांग्रेस ने भाजपा शासित नगर निगम को घेरते हुए कहा कि निगम में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। नगर निगम अध्यक्ष सोनू मागो ने आरोप लगाते हुए कहा कि महापौर व कमिश्नर करोड़ों रूपए का गबन कर रहे हैं। महापौर, भाजपा के पार्षद और नगर निगम में बैठे अधिकारी अपनी मर्जी से बजट पास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना नगर निगम अध्यक्ष के साइन के बजट पास हो गया। महापौर और कमिश्नर की मिली भगत से ट्रांसपोर्ट नगर के समतल कराने लिए बिना टेंडर के 2 करोड़ 70 लाख का काम शुरू हो गया है, जब इस पर सवाल उठाए गए तो कोई जवाब नहीं मिल पाया। निगम अध्यक्ष श्री मागो ने कहा कि बिन चर्चा के बजट पास करके जनता पर टैक्स थोपने की जिम्मेदारी भाजपा के महापौर व पार्षदों की है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि सदन संवैधानिक तरीके से चलती है। हम संवैधानिक तरीके से लड़ाई करेंगे और जो कल नगर निगम में हुआ है उसकी घोर निंदा करता हूं। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी ने नगर निगम में हुए घटनाक्रम को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए कहा कि भाजपा के अधिकारी अपनी मर्जी से बजट पास कर रहे हैं, जो पूरी तरह गलत है।

कांग्रेस पार्षद राहुल मालवी ने दावा कि छिंदवाड़ा नगर निगम जितना पानी का बिल पूरे मध्यप्रदेश में कोई नहीं वसूलता है और जनता के साथ भाजपा शासित निगम द्वारा धोखा किया जा रहा है। वहीं नेता प्रतिपक्ष हंसा अंबर दाढ़े ने गौशाला की दुर्दशा के लिए नगर निगम को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि आए दिन गौशाला में गौमाता की मौत बहुत ही दर्दनाक है, जिस पर निगम को संवेदनशील होना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद मंजू बैस, सरला सिसोदिया, संगीता पवार, राहुल मालवीय, पिंकू राय, नदीम अहमद, तरूण कराड़े थे।

छह वर्ष की नन्हीं इनाया बानो ने रखा पहला रोजा

गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु। मुसलमानों के इबादत का पवित्र महीना रमजान का आखरी अशरा चल रहा है इस माहे मुबारक महीने में रोजा रखने के साथ ही अल्लाह पाक की इबादत की जा रही है एवं बड़े बुजुर्गों के साथ ही छोटे-छोटे बच्चें भी इस गर्मी में रोजे रखकर भूख और प्यास की शिद्दत को महसूस कर अपने पाक परवरदिगार का शुक्र अदा करते नजर आ रहे हैं।

इसी क्रम में मीडिया फोटो स्टूडियो के संचालक इकलहरा निवासी रिंकू सिद्दीकी की बेटी 6 वर्ष की बच्ची इनाया बानो के द्वारा अपना पहला रोजा रखा गया और अल्लाह पाक का शुक्र अदा किया गया।

सार समाचार

आज वैश्य दिवस पर वाहन रैली निकलेगी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। नए संवत्सर 2082 के शुभारंभ एवं गुड़ी पाड़वा के अवसर पर आज चैत्र प्रतिपदा रविवार दिनांक 30 मार्च 2025 को वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई छिंदवाड़ा के सदस्य प्रात: 9.30 बजे फव्वारा चौक (मेन रोड) स्थित वैश्य शिरोमणि पूज्य महात्मा गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित होकर समाज सेवी केवलारी निवासी रूपरामजी साहू, प्रदेश मंत्री रमेशजी जाखोटिया, संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज, जिला प्रभारी प्रभुनारायण नेमा, जिलाध्यक्ष अनिल सिंघई के नेतृत्व में माल्यार्पण कर वैश्य दिवस, गुड़ी पाड़वा एवं हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करेंगे।

तदाशय की जानकारी देते हुए आयोजन प्रभारी बृजेश काल्पीवार ने बताया कि माल्यार्पण के बाद दो पहिया वाहन रैली निकलेगी जिसे समाज सेवी केवलारी निवासी रूपराम साहू ध्वजा दिखाकर शुभारंभ करेंगे। यह रैली फव्वारा चौक से शुरू होकर गोलगंज, मेनरोड, छोटी बाजार, गणेश चौक, छोटा तालाब, अलका टाकीज, पुराना बैलबाजार, मानसरोवर काम्प्लेक्स, इंदिरा तिराहा होते हुए फव्वारा चौक पर ही समाप्त होगी।

संभागीय अध्यक्ष युवा इकाई धर्मेंद्र साहू, जिला प्रभारी युवा इकाई शैलेंद्र जैन, जिलाध्यक्ष युवा ईकाई विशाल माहेश्वरी, संगठन महामंत्री युवा इकाई मनीष गुप्ता ने आयोजन को सफल बनाने की अपील की है ।

शराब दुकानों के तीन समूहों के लिए ई टेंडर आज

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। टेंडर वर्ष 2025-26 अर्थात् दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन के षष्ठम चरण 28 मार्च, 2025 में छिन्दवाड़ा जिले के 01 एकल समूह-दमुआ में सम्मिलित कुल- 08 कम्पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर शासन द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य रूपये 16,82,06,081/- पर भोपाल जिले के कॉन्ट्रेक्टर रजिस्टर्ड 02 अन्य इच्छुक पात्र आवेदकों द्वारा प्रतिस्पर्धा में सहभागिता दिखाई गयी, जिसमें उच्चतम टेण्डरदाता आईस कोल्ड ट्रेडर्स प्रा.लि. डायरेक्टर देवेन्द्र कुमार चौकसे के पक्ष में रूपये 14,87,99,999/- पर निष्पादन अन्तिम हुआ है। इस प्रकार शासन को उक्त 01 एकल मदिरा समूह के लिये वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य से रूपये 86,28,264/- का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य से 6.16 प्रतिशत अधिक है।

राज्य शासन के द्वारा वर्ष 2025-26 अर्थात् दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन के षष्ठम चरण में निष्पादन से शेष छिन्दवाड़ा जिले की 24 कम्पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के 03 एकल समूह- परासिया, चांदामेटा एवं जामई का वर्तमान वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर निर्धारित आरक्षित मूल्य पर मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 47 दिनांक 14 फरवरी 2025 के अध्यधीन निष्पादन ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन सप्तम चरण के माध्यम से आज 30 मार्च 2025 को निष्पादन किया जाना है। एम.पी. टेण्डर्स के पोर्टल पर ऑनलाईन ई-टेण्डर प्रपत्रों का विक्रय 29 मार्च 2025 से प्रारंभ हो गया है।

जिला आबकारी कार्यालय छिन्दवाड़ा से ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शचन के लिये निर्धारित आवेदन पत्र एवं प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर 29 मार्च 2025 को प्रात: 11:30 बजे तक आवेदन पत्र क्रय एवं जमा किये जा सकेंगे। जिसके लिये इच्छुक पात्र आवेदक (व्यक्तियों/फर्म/कम्पनी) को ई-आबकारी के पोर्टल पर ऑनलाईन कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है। कॉन्ट्रेक्टर रजिस्टर्ड इच्छुक पात्र आवेदक ही निष्पादन की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं।

वर्ष 2025.26 के लिये कम्पोजिट मदिरा दुकानों/एकल समूहों का ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन से संबंधित नियम एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में सार्वजनिक अवकाशों सहित कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते है।

कांग्रेस ने किया परासिया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष का सम्मान

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। परासिया बार एसोसिएशन के चुनाव में विजयी हुए अधिवक्ता उम्मीदवारों के सम्मान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में परासिया अधिवक्ता संघ परिषद के कांग्रेस समर्थित विजयी अधिवक्ताओं का सम्मान किया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम निर्वाचित समस्त अधिवक्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की ओर से बधाई व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। श्री ओकटे ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि अधिवक्ता न्यायिक प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। इनका परिश्रम, कार्य, व्यवहार व न्यायिक प्रक्रिया पर गहरी छाप छोड़ती है।

आईपीएल सट्टा खिलाते दो गिरफ्तार

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आईपीएल का खुमार अब लोगो के सर चढ़ चुका है। इस बीच पुलिस भी आईपीएल पर क्रिकेट सट्टा लगा रहे है उन्हें दबोच रही है। कोतवाली पुलिस के बाद कुंडीपुरा पुलिस ने भी बीती रात आईपीएल पर सट्टा खिला रहे सटोरियों को पकड़ा है। कुंडीपुरा पुलिस की इस कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस श्रीयुष गुप्ता के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही की गई।

प्रेसवार्ता के दौरान एडिशनल एस.पी. ने बताया कि मुखबिर सूचना पर आईपीएल सट्टे पर कार्यवाही करते हुये दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर ऑनलाईन आईडी सहित 4 आई फोन मोबाइल, 7 हजार 400 रुपये नगदी एवं लाखो रुपयो का हिसाब किताब जप्त कर आरोपियों पर की प्रभावी कार्यवाही की गई।

मुखबिर पर श्रीवास्तव कालोनी छिन्दवाड़ा का सौरभ एवं ग्राम खापाभाट निवासी शिवम उसके मोबाईल से क्रिकेट सट्टा की मास्टर आईडी से लोगों को सट्टा खिलाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे है। मौके पर पहुँची पुलिस ने दीनदयाल रसोई के पास गांधीगंज (छिन्दवाड़ा) में बैठकर हिसाब किताब देख रहे हैं दोनों आरोपियों की हिरासत में लिया। आरोपियो के विरुध्द धारा 4 (क) म.प्र. पब्लिक गेबलिंग एक्ट एवं धारा 49 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द कर प्रभावी कार्यवाही की गई है। वहीं एक अन्य आरोपी फरार बताया जा रहा है।

इस कार्यवाही में निरीक्षक मनोज बघेल, सहा. उप निरीक्षक मनोज रघुवंशी, संतोष बघेल, प्रधान आरक्षक प्रदीप बघेल, आर. करण रघुवंशी, जीवन रघुवंशी, (सायबर सेल) आदित्य रघुवंशी, नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई।

विधायक ने किया ओवरब्रिज व पुलिया का निरीक्षण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जामई विधायक सुनील उईके ने अपने क्षेत्र में जहां कार्यो का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया जाता है तो वही समय समय पर निरीक्षण कर गुणवत्ता भी देखी जा रही है। इसी क्रम में 29 मार्च 2025 को जुन्नारदेव, मोरकुण्ड, टाटरवाड़ा रोड पर पंचशील कालोनी में निर्मित होने वाली स्लैब कलवर्ट पुलिया एवं जुन्नारदेव में बन रहे ओव्हर ब्रिज का शनिवार को विधायक सुनील उईके ने काँग्रेस नेताओं के साथ मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया।

विधायक श्री उईके के निरीक्षण के साथ ही पुरानी पुलिया का डिस्मेंटल कार्य तेजी से प्रारम्भ हो गया। क्षेत्र की दशकों पुरानी माँग पूरी होने से क्षेत्रवासियों ने वार्ड नंबर 10 के पार्षद एवं नगर काँग्रेस अध्यक्ष अरुणेश जायसवाल के नेतृत्व में पंचशील कालोनी में एक कार्यक्रम आयोजित कर विधायक सुनील उइके का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री उईके ने कहा कि सिर्फ मुँह चलाने भर से क्षेत्र का विकास नही होता इसके लिये विकासात्मक दृष्टिकोण की जरूरत होती है। काँग्रेस का दृष्टिकोण हमेशा विकास करने का रहा है और पंचशील कालोनी में हुए विकासकार्य इसके उदाहरण है। मैने जुन्नारदेव में राजनीति की शुरुआत पंचशील कालोनी में रहकर ही की है। जिन भाजपाईयों ने चोरी छुपे चुपके से इस पुलिया के भूमिपूजन किया था उन्हें तो यह भी नहीं पता कि पुलिया स्वीकृत कब और कैसे हुई है।

भाजपाई सिर्फ झूठ का सहारा लेकर राजनीति करते है वे सिर्फ मुँह चलाना जानते है जबकि मुँह चलाने से होता जाता कुछ नही है। पंचशील कालोनी में जब मैंने कमलनाथ की सरकार में भूमि का मद परिवर्तन कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण प्रारम्भ कराया था तब यही भाजपाई स्वास्थ्य केंद्र का विरोध कर रहे थे एवं विरोध में यह तर्क दे रहे थे कि अगर पुलिया के उपर बारिश में बाढ़ का पानी आयेगा तो लोगों को भारी असुविधा होगी। तब मैंने कहा था कि स्वास्थ्य केंद्र के बनते ही पुलिया का निर्माण भी हम ही करेंगे। और आज यह कार्य आपके सामने है।

कार्यक्रम को पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम तिवारी, नगर अध्यक्ष एवं पार्षद अरुणेश जयसवाल, अजय साहू, महेश नारायण पाठक ने भी संबोधित किया, आभार प्रदर्शन पूर्व पार्षद शशिकान्त मालवीय एवं कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष अरुण साहू ने किया।

कार्यक्रम में विधायक सुनील उईके के साथ ब्लॉक अध्यक्ष अरुण साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम तिवारी, नगर अध्यक्ष अरुणेश जयसवाल, रमेश राय, अशोक विश्वकर्मा, रमेश साहू, हेमराज पवार, शशिकान्त मालवीय, उपेन्द्र शर्मा, बाबा बेग, अजय साहू, महेश नारायण पाठक, यशदीप साहू, अंकित राय, घनश्याम बरखाने, सोमा झाम, रामस्वरूप मुछोरिया, प्रवीण सिंग, विनोद लांजीवार, कुंवरलाल बिहारे, किशोरसिंग ठाकुर, बामनराव चौकिकर, शिवराम चौरे, दिलीप साहू, सुबोध राय, उमेश बत्रा, अनंत बेनर्जी, बी.एल. तागड़ी, सावित्री दुर्गे, सुमन संतोष यादव, अन्नू वानखेड़े, पद्मावती जायसवाल सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और निर्माण कार्यो को बारीकी से देखा और चर्चा की।

पुलिस लाइन में किया मॉकडिल बलवा परेड

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में पुलिस द्वारा बलवा परेड का आयोजन किया गया। यह परेड पुलिस अधीक्षक अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस आयोजन में डीएसपी रामेश्वर चौबे, एसडीओपी जितेंद्र जाट,सीएसपी अजय राणा, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी थाना कोतवाली से उमेश गोलानी, कुंडीपुरा से मनोज बघेल, अमरवाड़ा, मोहखेड़, परासिया, पुलिस लाइन से सूबेदार लोहित एवं अन्य थाना के थाना प्रभारी भी सम्मिलित रहे।

इस अवसर पर पुलिस बल की सतर्कता और दक्षता को परखने के लिए मॉक ड्रिल एवं बलवा नियंत्रण संबंधी विभिन्न अभ्यास किए गए। परेड में उपस्थित अधिकारियों ने पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने की अपील की। बलवा परेड के दौरान जवानों को अश्रु गैस सेल चलाने, उपद्रवियों से निपटने की रणनीति एवं बलवा बचाव उपकरण पहनकर आत्मरक्षा करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा बलवा सामग्री को समय सीमा के अंदर तत्काल पहनने का अभ्यास भी इस सिखलाई का हिस्सा रहा।

पुलिस ने आमजन से शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की एवं किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत डायल 100 पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देने का अनुरोध किया।

सीटू कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय सम्मेलन में रांची पहुंचे लाल झंडा कोल माइंस के मजदूर

गुढ़ी अंबाड़ा देशबन्धु। झारखंड की राजधानी रांची में सीटू संगठन से संलग्न 23 संगठनों के कोल फेडरेशन एआईसीडब्लूएफका 11वां राष्ट्रीय सम्मेलन अठ्ठासी मार्च से 30 मार्च 2025 रविवार तक सीएमपीडीआई मुख्यालय रांची के मयूरी सभागृह में सम्पन्न हो रहा है। जिसमें वेकोलि लाल झंडा कोल माइंस मजदूर यूनियन के ग्यारह प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

इसमें वेकोलि अध्यक्ष जगदीश डिगरसे, महासचिव जी. रमन्ना, कामेश्वर राय, सहित कन्हान पेंच क्षेत्र से क्षेत्रीय सचिव कामरेड अशोक भारती को शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। जिसमें एआईसीडब्लूएफ महासचिव कामरेड डी.डी. रामानंदन की रिपोर्ट पेश करने पर चर्चा में भाग लेते हुए कुछ प्रस्ताव और सुझावों को जोड़ने की बात रखी जिसमें ठेकेदारी कामगारों को आंदोलन और संगठीत होने पर रोजगार का खतरा बढ़ जाता है, इस पर विचार किया जाए।

ठेकेदारी कामगारों को एचपीसी के तहत वेतन भुगतान आज भी नहीं होने का मुद्दा उठाया। कोयला उद्योग को बचाने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से नयी कोयला खदानों को शुरु कराने में सीटू यूनियन के राष्ट्रीय और केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उचित और सकारात्मक पहल पर जोर दिया जायें। मजदूरों के हक की लड़ाई में सीटू सबसे ज्यादा मजबूती से खड़ी रहती है। उसी तरह सदस्यता में भी आगे निकले उसके लिए न्यायोचित हल और तरीके में पहल करने सुझावों पर विचार किया जाए।

सक्रिय कार्यकर्ता और मजबूत प्रतिनिधियों को राजनैतिक रूप से तैयार करने के लिए प्रशिक्षण शेड्यूल जारी किया जाये। अपनी विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने में कार्यक्रमों का प्रोग्राम और कलेंडर जारी किया जाये। और उसको सभी क्षेत्रों को पालन करने पर जोर दिया जाये।

सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में पहुंचने पर जोश और तैयारी के साथ कार्य करने पर सम्मेलन की पूर्ण सफलता की शुभकामनाओं के साथ समर्थन देते हुए अपनी बात रखी।

इरादे बुलंद हों तो श्रम की बर्बादी नहीं : प्रो. अमरसिंह

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जामुनझिरी में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों के संतुलित जीवन प्रबंधन हेतु बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उसमें मुख्य अतिथि प्रो. अमर सिंह ने कहा कि अगर हमारे इरादे फौलादी हैं तो श्रम की बर्बादी की गुंजाइश नहीं बचती है। जब तक कर्ता कर्म को अंतिम अंजाम तक नहीं पहुंचाता है, तो फायदा स्वयं को नहीं, औरों को मिलता है। लक्ष्य के सिवा और कुछ दिखना वक्त, शक्ति व श्रम की फिजूलखर्ची है।

जिज्ञासा जीवन को गहराई में उतारती है। नकारात्मक रवैया रचनात्मक ऊर्जा को चूस लेता है। भाग्य पर भरोसा बहानेबाजों की धार्मिक आड़ होती है। अस्पष्ट, अपरिपक्व अव्यावहारिक विचारों की आंधी में उड़कर युवा अपनी जवानी न गवाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक रविन्द्र नाफ्ड़े ने कहा कि ठान लेने वाले लोग क्या मुश्किल है और क्या आसान है, में अंतर नहीं करते हैं। फौलादी इरादों से उत्पन्न उत्कृष्ट विचार ऊर्जा व्यक्ति से दुर्लभ कार्य करवा देती है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय जबलपुर के निदेशक डॉ. केवट ने कहा कि विषमताओं को क्षमताओं में बदले बिना कोई भी सिद्धि प्राप्त नहीं होती है। महानता वक्त की निचोड़ी बूंद पर कर्मों का निवेश होती है।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेंद्र कुमार साहू ने कहा कि बेशुमार कर्मशील ही अकूत सत्ता, दौलत व सुकून के भागीदार बनते हैं। खोने के लिए कुछ न होने के अभाव सब कुछ प्राप्त करने के अवसर होते हैं।

प्रो. निधि डोड़ानी ने कहा कि साहसी के समक्ष विलासी सुविधाएं बौनी पड़ जाती हैं। विलासिता संभावनाओं को विकसित नहीं होने देती है। प्रो. मंशाराम उइके ने कहा कि जिसे ठोकरें प्रशिक्षित करें, उसे हराना नामुमकिन होता है। शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत भव्य नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई।

सार समाचार

32 आईएएस अधिकारियों को सरकार नई जिम्मेदारी देने की तैयारी में

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्यप्रदेश में आने वाले कुछ दिनों में एक बार फिर बड़ी प्रशासनिक सर्जरी होना तय है। इसमें करीब 32 आईएएस को सरकार नई जिम्मेदारी देने की तैयारी में है तो प्रभार में टिके मंत्रालय के कई विभागों को स्वतंत्र अफसर भी मिलेंगे। सरकार ने इस फेरबदल में बीते एक साल के दौरान एसीएस, पीएस, सचिव, संभागायुक्त व कलेक्टरों के कामों को आधार बनाने की योजना रखी है। इसमें ऐसे अफसर जिनके काम के नतीजे अच्छे रहे हैं और सरकार को केंद्र स्तर पर 16वें वित्त आयोग की प्रजेंटेशन बैठक में व अन्य स्तरों पर सराहना मिली, उनको बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। वहीं किरकिरी कराने वालों की कुर्सी खिसकना तय है।

12 बड़े विभागों का काम प्रभार

सूत्रों की मानें तो सरकार प्रदेश को जल्द ही स्वतंत्र कृषि उत्पादन आयुक्त और कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष देने की तैयारी में है। वर्तमान में कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार वन विभाग के एसीएस अशोक बर्णवाल व कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष का अतिरिक्त जिम्मा, सामान्य प्रशासन विभाग के सी.एस. संजय दुबे के पास है तो पीडब्ल्यूडी जैसे 12 बड़े विभागों का काम भी प्रभार पर चल रहा है।

जिले और संभागों में भी बदलाव संभव

प्रदेश के कुछ जिलों के कलेक्टर व संभागों के संभागायुक्त भी बदले जाने हैं। इस बदलाव के कई आधार होंगे। जिनमें जिलों में घटित होने वाली बड़ी घटनाओं को नहीं संभाल पाना, प्रशासनिक चूक के कारण घटना होना, नेताओं की वास्तविक नाराजगी का बार-बार सामने आना, खनिज माफिया व अपराधियों की करतूतें उजागर होना, अलग-अलग स्तर पर कमियों के कारण विपक्ष को मुद्दा मिलना, जैसे बिंदू अहम हो सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक सरकार ने ऐसे कुछ बिंदुओं के आधार पर रिपोर्ट तैयार की है। सूत्रों के मुताबिक सरकार जल्द इन बड़े पदों व विभागों में पदस्थापना को लेकर काम के आधार पर ग्रेडिंग सिस्टम अपनाएगी। सूत्रों की माने तो छिन्दवाड़ा जिले के आधा दर्जन से अधिक विभागों के अधिकारियों को हटाया जाना तय माना जा रहा है और छिन्दवाड़ा को स्वच्छ प्रशासन बनाने के लिए नये तरीके से प्रयास किए जा रहे है की जानकारी मिली है।

मोहखेड के 77 श्रमिक परिवारों को 1 करोड़ 62 लाख रुपए मिले

मोहखेड़, देशबन्धु। सी.एम. डॉ. मोहन यादव ने 28 मार्च को 23 हजार 162 श्रमिक परिवारों को सौगात दी. सी.एम. मंत्रालय में संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता के 23 हजार 162 प्रकरणों में सिंगल क्लिक से 505 करोड़ रुपए हितग्राहियों के खातों में ट्रांसफर किए।

इसी तारतम्य में जनपद पंचायत मोहखेड़ सभागार में लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे बड़ी स्क्रिन पर्दे के माध्यम से दिखाने की व्यवस्था की गयी थी जिसमें शासन के तहत जनप्रतिनिधियों एंव हितग्राहियों को भी आमंत्रित किया गया। बता दे मोहखेड़ विकासखण्ड में मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के 77 श्रमिकों को 1 करोड़ 62 लाख रूपये की राशि प्राप्त हुई।

जनपद पंचायत मोहखेड़ के सहायक ग्रेड़ 3 के बाबू मुकेश शेरके ने बताया इस योजना से गरीब परिवारों को आर्थिक मदद मिलेगी। 77 हितग्राहियों को ऑनलाइन इस योजना का लाभ दिया गया। मध्य प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए संचालित महत्वपूर्ण संबल योजना में अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर चार लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर दो लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। इनमें दुर्घटना में मृत्यु में 4 हितग्राही और सामान्य मृत्यु वाले 73 हितग्राही शामिल है। इस दौरान कार्यक्रम में जनपद पंचायत मोहखेड अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, भाजपा मंडल मोहखेड अध्यक्ष गगन घटकड़े, महामंत्री अनिल विशवकर्मा, भाजपा पिछडा वर्ग पांढुर्ना विधानसभा प्रभारी ऋषि सोनी, सावरी मंडल पूर्व अध्यक्ष अरविंद सूर्यवंशी, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शयामू साहू, बीसापुरकला सरपंच वेदप्रकाश सिसोदिया, दिनेश घोरसे, युवा नेता संदीप चौधरी, खंड पंचायत अधिकारी कैलाश धुर्वे, बीसी देवेंद्र डेहरिया, लेखापाल विजयानंद खापरे, हरीश घाघरे, मुकेश मौजूद थे।

विधि महाविद्यालय में जनजाति नायकों पर कार्यशाला

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों के योगदान से विद्यार्थियों को परिचित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात विधिवत् मां सरस्वती एवं स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा जिला पंचायत के जिला समन्वयक कमलेश टेकाम, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बी.के. अकोदिया, कार्यक्रम के प्रभारी कमलेश चरपे, सहायक प्राध्यापक डॉ. कमलाकर मोटघरे, डॉ. दमयंती कटरे, डॉ. स्नेहा कुमारी, राकेश कुमार कोष्टी आदि उपस्थित थे।

बतौर मुख्य अतिथि कमलेश टेकाम ने कहा कि जनजाति नायक बीरसा मुण्डा, रानी दुर्गावती, रघुनाथ शाह, शंकर शाह, बादल भोई आदि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके अद्भुतए अद्वितीय शौर्य गाथा बताई। साथ ही उनके स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में दिए योगदान को याद किया।

साथ ही कहा कि प्राचीन काल से जनजाति समाज प्रकृति का उपासक रहा हैए उनका जीवन जल, जंगल और जमीन पर आधारित रहा है। ब्रिटिश हुकूमत की ईंट से ईंट बजाकर देश की आजादी में अतुलनीय योगदान दिया। जनजाति नायकों के अद्वितीय योगदान के लिए राष्ट्र उनका सदैव ऋणी रहेगा कार्यक्रम का संचालन बखूबी से सहायक प्राध्यापक डॉ. दम्यंती कटरे एवं आभार प्रदर्शन डॉ कमलाकर मोटघरे ने किया।

महाविद्यालय परिसर में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले जन नायकों की शौर्य गाथा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने उन्हें याद करते हुए नमन किया। प्रदर्शनी में सैकड़ों वीर बलिदानियों की जीवनी बताई गई।

ग्राम पंचायत जाटाछापर में 32 लाख की लागत के निर्माण कार्य प्रारंभ

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। ग्राम पंचायत जाटा छापर द्वारा जाटा छापर बस्ती में 32 लख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन लोकार्पण कार्यक्रम विधायक सोहन बाल्मिक जनपद उपाध्यक्ष जमील खान सरपंच नरेंद्र धुर्वे की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु : जाटा छापर गांव में शनिवार को विभिन्नि कार्यो का भूमिपूजन करते हुए विधायक।

इसमें सीसी रोड निर्माण गजानन यदुवंशी के घर के पास 200 मी लागत 5 लाख प्राथमिक शाला जाटा छापर बस्ती में अतिरिक्त कक्ष निर्माण लागत 5 लाख प्राथमिक शाला स्कूल के पास 100 मी सीसी रोड लागत 2.50 लाख संजय राय एवं बालकृष्ण यदुवंशी के घर के पास सीसी रोड निर्माण 165 मी लागत 3.50 लाख इकलेरा रेलवे स्टेशन के पास से जाटा छापर बस्ती पी.एच.ई. का पानी सप्लाई हेतु 1400 मी पाइपलाइन निर्माण लागत 8 लाख जाटा छापर बस्ती विनोद राय के घर के पास से इकलेरा रेलवे स्टेशन तक विद्युतीकरण पोल निर्माण लागत 4.50 जाटा छापर बस्ती पेच कुटी में रंगमंच निर्माण विधायक निधि से 3 लाख 32 लख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्य जाटा छापर बस्ती में आज आरंभ हुए।

जाटा छापर बस्ती से इकलेरा स्टेशन तक रोड की स्वीकृति 1 किलोमीटर प्राप्त हुई विधायक सोहन वाल्मीक जनपद उपाध्यक्ष जमील खान के प्रयास से डेढ़ वर्ष पहले इसका प्रपोजल बनाकर भेजा गया था। कार्यक्रम में उपसरपंच दादू सिह राय, प्रमोद भार्गव, गजानंद यदुवंशी, हेमराज सूर्यवंशी, संजय राय, पदम सिंह राय, संतोष राय, विजय चंदेल, श्याम चंद, जगदीश यदुवंशी, डिंपल, नागेश, शकुन वर्मा, भीष्म राय, हेमी राय, पुरण लाल यदुवंशी, गणेश उईके, सुनील सूर्यवंशी, मुरारी राय, श्याम सुंदर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए

एक राष्ट्र-एक चुनाव से कम होगा आर्थिक बोझ : पूर्व जस्टिस

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। एक राष्ट्र एक चुनाव पर राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन का आयोजन सासंद बंटी विवेक साहू के मुख्य आतिथ्य में एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की अध्यक्षता में सतपुड़ा लॉ कॉलेज मोहन नगर में किया गया। सम्मेलन में राज्य समिति के समन्वयक मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति रोहित आर्य मुख्यवक्ता के रूप में शामिल हुए।

एक राष्ट्र एक चुनाव सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व न्यायमूर्ति रोहित आर्य ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव प्रक्रिया नहीं होने और एक के बाद एक राज्यों में चुनाव होने के कारण राज्यों और देश के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पर्याप्त समय होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट ने 2034 तक प्रस्तावों को लागू करने की सिफारिश की है, लेकिन उससे पहले हमें देश के हर नागरिक को समझाने की जरूरत है।

सासंद बंटी विवेक साहू ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एकता के अपने प्रयासों के तहत हम अब एक राष्ट्र, एक चुनाव पर काम कर रहे हैं जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा, भारत के संसाधनों का अधिकतम उपयोग करेगा, तथा विकसित भारत के सपने को नई प्रगति और समृद्धि की ओर ले जाएगा।

जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रहित वाली विचारधारा का एक पहलू है। उन्होंने कहा कि लोकहित में एक राष्ट्र.एक चुनाव के बहुआयामी सकारात्मक परिणाम से देश के विकास के लिए जनता से समर्थन प्राप्त करने के लिए और राष्ट्र निर्माण में जनता की भागीदारी और सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि बार-बार अलग अलग तरह के चुनाव आचार संहिता लगने से लाभकारी विकास कार्यों की गति में विराम लगता है।

कार्यक्रम में सतपुड़ा लॉ कॉलेज के प्राचार्य वेदप्रकाश शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया एवं कार्यक्रम का संकलन एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के जिला संयोजक अलकेश लाम्बा तथा कार्यक्रम का संचालन समिति के जिला सह संयोजक अधिवक्ता पीयूष शर्मा ने किया।

सम्मेलन के दौरान महापौर विक्रम अहाके, पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, चौधरी चन्द्रभान सिंह, ताराचंद बावरिया, नत्थनशाह कवरेती, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, आशीष ठाकुर, जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी, वरिष्ठ अधिवक्ता भजनलाल चोपड़े, धनश्याम कर्मवीर, दिलीप धारा, नवनीत व्यास, अजय पालीवाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरीमा दामोदर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक, वरिष्ठ भाजपा विजय पांडे, अजय सक्सेना, राजू नरोटे, बंटी पटेल, कमलेश उइके, जितेन्द्र शाह, मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी विक्रम सोनी, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, लीला बिजौलिया, सौरभ ठाकुर, पार्षद शिवानी बंटी सक्सेना, राहुल बंटी उईके, भाजपा आईटी सेल जिला संयोजक दीपक कोल्हे, अरविंद प्रताप सिंह, सुमित काबरा, अर्पण मैद, बिट्टू मंडराह, अनुज मल्होत्रा, रवि मालवी, अरूण गद्रे, मनोज सक्सेना, पंकज मुंगिया, मनीष गुप्ता, नन्दन सूर्यवंशी, सुंदरलाल चौरिया, समिति के सदस्य मनीष गुप्ता, मनमोहन चांडक, दिव्यकांत यादव, मुकेश विश्वकर्मा, खुशनयन सूर्यवंशी के साथ इस मुहिम को जनजागरण बनाने के लिए प्रबुद्ध जनों, अधिवक्ता, चिकित्सक, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, स्वयं सेवी, सहकारिता संगठनों, नगरीय निकाय, महाविद्यालय, शिक्षकों, विधार्थी, व्यापारियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन के पश्चात कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

पांढुर्णा विधायक नीलेश उईके स्वयं बीन रहे है महुआ

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिन्हे हमेशा अपनी संस्कृति व परम्परा सरल स्वभाव के कारण पूरे जिले भर में जाने जाते है उनका नाम है पांढुर्णा विधायक नीलेश उईके।

पांढुर्णा जिले के विधायक निलेश उईके राजनीति के माध्यम से तो जनता की मदद करते ही है। परंतु जब भी समय मिलता है वे अपने खेत पहुंच कर कभी गेहूं में पानी देते हुए नजर आते तो कभी गेहूं की गहानी करते है और आज अपने गांव स्थित खेत में महुवा बिनते हुए नजर आ रहे हैं। इसके पूर्व ये भजन मंडलियों के साथ साथ रामलीला में रावण की भूमिका भी निभाते है।